आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :396 पृष्ठ -4 दिनांक 08 फरवरी 2025 दिन शनिवार

# महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 18 में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

## उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज महाकुंभ में एक बार फिर आग लग गई

उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में गुरुवार को आग लग गई. हालांकि फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया है. आग लगने की घटना पीपा पुल संख्या 18 के पास घटी. मौके पर आरएएफ, यूपी पुलिस और दमकल ने पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित किया. आग सेक्टर 18, शंकराचार्य मार्ग पर हरिहरानंद कैंप में लगी. पत्रकारों से बात करते हुए एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आग लगी और कुछ मिनटों के भीतर ही काबू पा लिया गया. कोई जनहानि नहीं हुई है. आर्थिक नुकसान का आंकलन किया जा रहा है. फायर ब्रिगेड की स्पेशलाइज्ड टीम यह पता लगाएगी कि आग किस वजह से लगी. एक पुलिस अधिकारी ने मौके पर अनाउंस





करते हुए कहा कि कोई कैजुअलटी नहीं है और सब चीजें कंट्रोल में हैं. सभी लोग असेंबली प्वाइंट पर आ जाएं. आग लगने के बाद पांटून पुल संख्या 18 पर श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई. सेक्टर 18 में आग जिस जगह पर लगी थी, वहां बड़ी संख्या में संत और महात्मा रहते हैं. बीते कई दिनों से यहां इतनी भीड़ हो रही है कि तिल रखने की जगह नहीं होती. मौके पर पहुंची पुलिस, आरएएफ और दमकल ने टीमवर्क करते हुए कहीं रास्ता रोका, तो कहीं रूट डायवर्ट किया. ऐसे में राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई.

## सीएम योगी की भतीजी की शादी, बेहद सादगी से निभाई जा रहीं रस्में

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तराखंड में अपने पैतृक गांव पंचूर के प्रवास पर हैं. जहां उनकी भतीजी की शादी है. सीएम योगी इस विवाह समारोह में शामिल होंगे. 3गुरुवार को सीएम योगी की भतीजी की हल्दी सेरेमनी आयोजित की गई थी, जिसमें यूपी विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भी शामिल हुईं.तस्वीरों में देखा जा सकता है कि कितनी सादगी के साथ उनके परिवार में शादी की तमाम रस्मों को निभाया जा रहा है.सीएम योगी आदित्यनाथ की भतीजी का नाम अर्चना बिष्ट हैं जो उनके बड़े भाई की बेटी हैं.



इस तस्वीर में सीएम योगी की बहन को भी देखा जा सकता है जो इस विवाह समारोह में शामिल हुई हैं. 6 और 7 फरवरी को शादी की तमाम रस्मे निभाईं जाएंगी.सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस शादी समारोह में शामिल होने के लिए उत्तराखंड में अपने पैतृक गांव पहुंच गए हैं. 8 फरवरी को वो यहां से रवाना हो जाएंगे.

## अमेठी में तेज रफ्तार हाइड्रा ने 3 किशोरों को कुचला, हाईवे किनारे खड़े थे बाइक सवार, 2 लोग घायल

जिले के शिवरतनगंज थाना अंतर्गत तोतानगर गांव के पास गुरुवार शाम छह बजे के करीब बड़ा सड़क हादसा हो गया. जिसमें तीन नाबालिक बच्चों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिएसीएचसी सिंहपुर भेजा गया है. घटना के बाद हाइड्रा का चालक हाइड्रा को मौके पर छोड़कर फरार हो गया.अमेठी जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तोता नगर गांव के पास अनियंत्रित हाइड्रा ने सड़क किनारे खड़ी बाइकों में जोरदार टक्कर मार दिया. जिसके कारण भीषण सड़क हादसे में बाइक पर सवार दो चचेरे भाइयों समेत तीन किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि एक महिला समेत दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइड्रा ने किशोरों को कुचल दिया तीनों नाबालिग मृतक रुकुनपुर गांव निवासी थे. कमलेश (18)पुत्र रामकिशोर, सूरज (15)पुत्र राजेंद्र और सर्वेश पुत्र रमेश अपने परिजनों के साथ राजाफत्तेपुर के पूरे त्रिवेदी गांव में निमंत्रण से घर लौट रहे थे. रास्ते में तोतानगर स्थित जायसवाल खाद एवं बीज भंडार के पास के बाइक सवार सड़क के किनारे खड़े होकर अन्य साथियों का इंतजार करने लगे. तभी सेमरौता की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइड्रा ने सड़क किनारे खड़े बाइक सवार नाबालिग किशोरों को कुचल दिया. जिससे एक ही बाइक पर सवार दो चचेरे भाई कमलेश और सर्वेश व सूरज की मौके पर मौत हो गई. जबकि चौथे घायल अर्पित और एक महिला का सीएचसी में इलाज चल रहा है.घटना की सूचना मिलते ही शिव. रतनगंज ,मोहनगंज , इन्हौना समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को बहाल कराया. जिले के अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस पहुंच गई और मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा हाइड्रा को कब्जे में ले लिया गया है और उसके ड्राइवर की तलाश की जा रही है.

## महाकुंभ प्रयागराज में फिर से 8वीं तक के स्कूल 12 फरवरी तक बंद, कड़ाई से पालन का निर्देश

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान आगामी दिनों में जबरदस्त भीड़ को देखते हुए स्कूलों को बंद करने का फैसला किया गया है. हालांकि इससे पहले भी 28 जनवरी से लेकर 3 फरवरी तक स्कूलों को बंद करने का फैसला किया गया था. इस बार 7 फरवरी से 12 फरवरी तक आठवीं तक के स्कूलों को बंद करने का फैसला किया गया है. आठवीं तक के स्कूल अब ऑनलाइन चलेंगे.महाकुंभ में आ रही भीड़ की वजह से प्रयागराज में 8वीं तक के स्कूल 7 फरवरी से 12 फरवरी तक बंद रहेंगे, ये सभी स्कूल ऑनलाइन मोड में चलेंगे. ग्रामीण और नगर क्षेत्र के सभी बोर्डों के स्कूलों के लिए आदेश जारी किया गया है. हालांकि इस दौरान परिषदीय स्कूलों के शिक्षक स्कूल जाएंगे. स्कूल में जाकर डीबीटी, अपार आईडी जनरेशन, आधार सीडिंग और अन्य विभागीय कार्य करेंगे.डीएम के निर्देश पर बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने आदेश जारी किया है. बीएसए ने इस आदेश का कड़ाई से पालन करने का निर्देश जारी किया है. प्रयागराज महाकुंभ में इन दिनों रोजाना लाखों की भीड़ आ रही है. जबरदस्त भीड़ के चलते शहर में ट्रैफिक जाम हो रहा है. ट्रैफिक जाम की वजह से स्कूली बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है.हालांकि इससे पहले भी 10 दिनों तक आठवीं तक के स्कूल ऑनलाइन मोड में ही संचालित हो रहे थे. गौरतलब है कि गुरुवार को प्रयागराज में भीषण जाम की स्थिति थी. बीते कई दिनों तक जाम की स्थिति को लेकर सवाल खड़े होते रहे हैं. पुलिस कर्मी इसको लेकर कोई जवाब नहीं दे रहे हैं. मेला प्रशासन हालात को संभालने में अक्षम नजर आ रहा है.बता दें कि अभी तक महाकुंभ में करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है. वहीं आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या एक बार फिर से बढ़ने की संभावना है. इसको देखते हुए प्रशासन अपनी तैयारियों को दुरुस्त करने का प्रयास कर रहा है.

## यूपी के इस जिले में वक्फ बोर्ड की कोई जमीन नहीं, सत्यापन में सामने आई सच्चाई

मिर्जापुर जिले में वक्फ बोर्ड की कोई संपत्ति नहीं है. यह जिला प्रशासन का कहना है. वक्फ बोर्ड के नाम पर 704 संपत्तियों की सूची दी गई थी. उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल बोर्ड ने 697, उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल बोर्ड ने 7 संपत्तियों की सूची दी थी. जिला प्रशासन ने संपत्तियों का सत्यापन कराया तो यह सच्चाई सामने आई.जिला प्रशासन के सत्यापन में ये आया सामनेरू जब जिला प्रशासन ने 704 संपत्तियों की जांच कराई तो सामने आया कि इसमें 598 संपत्तियां सरकारी खतौनी में दर्ज हैं. 23 निजी हैं, 83 का अभी चिन्हाकन नहीं हो पाया है. तहसीलवार बात की जाए तो सदर में 244, चुनार में 430, मड़िहान में 25 और लालगंज तहसील की 5 संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड ने दावा किया था. जब जिला प्रशासन ने जांच कराई तो सदर में 154, चुनार में 416, मड़िहान में 24 और लालगंज में 4 संपत्तियां सरकारी खतौनी में दर्ज मिलीं. वहीं सदर में 7, चुनार में 14, मड़िहान में 01 और लालगंज तहसील में 01 निजी संपत्ति पाई गई. 83 गाटा का अभी चिन्हांकन नहीं हो पाया है.वक्फ बोर्ड का दावारू मदरसा अरबिया के प्रिंसिपल मौलाना नजम अली खान ने बताया कि जिले में वक्फ बोर्ड की काफी जमीन है. 16 बीघा जमीन लोहिया तालाब में है. वक्फ नंबर 3 मोना बीवी के नाम से है, जो अवैध तरीके से कब्जा किया गया है. वहीं वक्फ बोर्ड के बिल संशोधन को लेकर कहा कि चारों तरफ इसका विरोध हो रहा है. हम यही चाहते हैं कि जो वक्फ की प्रॉपर्टी है वहां हॉस्पिटल, बच्चों के लिए स्कूल बनवा देना चाहिए, जिसे सभी समाज को फायदा हो. सदर तहसील के लोहिया तालाब के पास 16 बीघे की जमीन पर मौलाना दावा कर रहे हैं कि यह वक्फ बोर्ड की जमीन है, जो अवैध तरीके से कब्जा कर ली गई है, उसका मुकदमा भी चल रहा है. कब्जाधारी का दावारू जमीन पर कब्जाधारी मनचंद सोनकर ने बताया कि यह हमारे दादा के जमाने की जमीन है. इधर–उधर कराकर वक्फ बोर्ड की जमीन कर दी गई. हमारे दादा मुकदमा लड़ रहे थे, उनकी मृत्यु होने के बाद इस जमीन पर अब हम लड़ रहे हैं, इसका स्टे भी है. जो वक्फ बोर्ड की जमीन बता रहे हैं, वे कोई सबूत नहीं दे रहे हैं. जमीन कहां से पाए, जवाब नहीं दे रहे हैं.इस बारे में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि 704 संपत्तियों की सूची प्राप्त हुई थी. जब इसका सत्यापन कराया गया तो 598 संपत्तियां सरकारी खतौनी में दर्ज मिलीं. 23 गाटे निजी संपत्ति हैं तो 83 गाटे का अभी चिन्हाकन नहीं हुआ है. मिर्जापुर जनपद में वक्फ बोर्ड की कोई संपत्ति नहीं पाई गई है.

## गंगा पुल पर अप-लाइन की जर्जर ट्रक का पैनल गला, . बड़ा हादसा टला, तेजस समेत कई ट्रेनें प्रभावित

उन्नाव के शुक्लागंज में गंगा रेलवे पुल पर अप–लाइन की जर्जर ट्रैक का एक पैनल गलने से बड़ा हादसा होते–होते बच गया. ट्रैक पेट्रोलिंग के दौरान जब ट्रैकमैन की नजर गली हुई ट्रक पर पड़ी तो उसने तुरंत रेलवे अधिकारियों को सूचना दी. इसके बाद पीडब्ल्यूआई (परमानेंट वे इंस्पेक्टर) ने स्टेशन मास्टर को मेमो जारी किया. वहीं रेलपथ विभाग ने फौरन एक अस्थायी प्लेट लगाकर ट्रेनों को धीमी गति से निकाला.



रेलवे सूत्रों के मुताबिक, अगर समय रहते इस खामी को नहीं पकड़ा जाता तो ट्रेनें बेपटरी हो सकती थी, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था. गली हुई ट्रक के कारण रेलवे प्रशासन को गंगा पुल पर ट्रेनों को रोकना पड़ा. इस दौरान कॉरपोरेट ट्रेन तेजस, गा. `मती एक्सप्रेस, उद्योग नगरी, लखनऊ–पुणे, रायबरेली पैसेंजर, मेमो पैसेंजर और दो मालगाड़ियों समेत दर्जनों ट्रेनें प्रभावित हुईं. रेलवे ने इन्हें पुल के पोल संख्या 68٬25 के पास से बेहद धीमी गति से गुजारने का फैसला किया. यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े इसलिए कई ट्रेनों की रफ्तार थम गई और कई यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा. गंगा पुल पर अप लाइन की ट्रक काफी पुरानी और जर्जर हालत में है. सूत्रों के अनुसार, रेलवे ने शुक्रवार से इस ट्रक को बदलने का निर्णय लिया है. यह कार्य लगभग दो महीने तक चलेगा, जिसके कारण रेलवे क्रॉसिंग पूरी तरह से बंद रहेगी. इस दौरान ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हो सकता है और यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों से यात्रा करने की सलाह दी जा रही है.ट्रैक की खराब हालत को देखकर यात्री सहमे हुए थे, लेकिन रेलवे के त्वरित फैसले से बड़ा हादसा टल गया. रेलवे प्रशासन ने दावा किया कि हमने तुरंत कार्रवाई करते हुए अस्थायी समाधान निकाल लिया है लेकिन स्थायी मरम्मत के लिए दो महीने का समय लगेगा. इस घटना ने रेलवे प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर दिया है. सवाल उठ रहे हैं कि अगर ट्रैकमैन को यह समस्या न दिखती, तो क्या रेलवे खुद इसका पता लगा पाता?

## यूपी के इस जिले में 219 मदरसों पर लगेगा ताला? मुकदमा दर्ज करने की तैयारी में अल्पसंख्यक विभाग

आजमगढ़ जिले में मदरसा पोर्टल ऑनलाइन फीडिंग में 313 मदरसे मानक के अनुरूप नहीं पाये गये थे. इस मामले में जब एसआईटी ने जांच की तो 219 मदरसे मानक के विपरीत तथा इनमें कुछ अस्तित्व में ना होना पाया गया. इसके साथ साथ बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आई थी. अब मामले में मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया गया है. संबंधित अधिकारी जल्द ही मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे. आजमगढ़ जिले में वर्ष 2009–10 में बिना भौतिक सत्यापन के कई मदरसों को मान्यता और अनुदान देने का मामला सामने आया था. 2017 में इस बात की शिकायत सरकार से की गई थी की आजमगढ़ जिले में 700 मदरसे संचालित हो रहे जिसमें ज्यादातर मदरसे अस्तित्व में मौजूद ही नहीं है.313 मदरसे में गड़बड़ियां पाई गई इस मामले की जांच वर्ष 2017 में की गई तो 387 संख्या में मदरसे वैध पाये गये. जबकि 313 मदरसे में गड़बड़ियां पाई गई थी. इसके बाद इस पूरे मामले की जांच शासन ने एसआईटी टीम को दे दी थी. एसआईटी ने जांच करने के बाद इस मामले की रिपोर्ट 2022 में शासन को दे दी.एसआ. ईटी ने जांच में पाया की 219 मदरसे ऐसे हैं जो मानक के अनुरूप नहीं तथा इसमें से कुछ अस्तित्व विहीन थे. इन मदरसे संचालकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का शासन ने निर्देश दिया था लेकिन अब तक इस प्रकरण में एफआ. ईआर दर्ज नहीं हुई. कुछ दिन पूर्व एसआईटी की एक टीम फिर आजमगढ़ आई जिसने पाया कि जिन मदरसों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया गया उनके विरुद्ध अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है. ऐसे में शासन ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एफआ. ईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है. मानक को पूरा नहीं करने वाले मदरसे पर होगी कार्रवाईइस मामले में जिले की अल्पसंख्यक अधिकारी वर्षा अग्रवाल ने बताया कि मदरसा की जांच कराई गई थी, जिसमें कुछ मदरसे मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने पर एसआईटी द्वारा पत्र भेजा गया. इस क्रम में थाने स्तर पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा. हालांकि 2023 में जांच के बाद कार्रवाई करने में थोड़ा समय लगा लेकिन जल्द ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी.वही इस मामले पर मुस्लिम धार्मिक मामलों के जानकार एवं हज ट्रेनिंग कमेटी के सदस्य सलीम अहमद कहते हैं कि यह सरकार की रूटीन करवाई है. वह मदरसे जो सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त है और खर्च करने में अनियमित बरतते हैं या मानक को पूरा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए लेकिन जांच तथा नोटिस के उपरांत सुधार का भी मौका देना चाहिए. अगर वह सुधार नहीं करते हैं तो आगे निश्चित कार्रवाई करनी चाहिए. लेकिन वह मदरसे जो वित्तीय सहायता नहीं ले रहे हैं और अपने स्तर से दो–चार कमरे के अंदर कुछ गरीब बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं उन पर किसी तरह का प्रबंध लगाया जाना उचित नहीं होगा उनको जांच के दायरे से बाहर रखना चाहिए.

# 136 वर्षों पुराना है एएमयू का ऐतिहासिक राइडिंग क्लब, छात्राएं भी करती है घुड़सवारी

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक मुस्लिम यूनिवर्सिटी राइडिंग क्लब की स्थापना ब्रिटिश शासन के दौरान नवाब मुहम्मद इस्माइल खान शेरवानी द्वारा 1889 में की गई थी. क्लब के दो प्रमुख सदस्य राष्ट्रीय चौंपियनशिप के लिए जी–जान से तैयारी कर रहे हैं. गौरतलब है कि एएमयू देश का एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय है, जिसमें खुद के द्वारा राइडिंग क्लब संचालित किया जाता है, जहां छात्र–छात्राएं उच्च शिक्षा के साथ–साथ घुड़सवारी का अभ्यास भी करते हैं. उसके बाद अलग–अलग जगह पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाते हैं.इस प्रतिष्ठित क्लब की स्थापना के समय नवाब मुजम्मिल खान सहित अन्य दानदाताओं ने इसे चार घोड़े भेंट किए और आर्थिक सहायता प्रदान की थी. वर्तमान में, यह क्लब विश्वविद्यालय की शान और सम्मान का प्रतीक बन चुका है. एएमयू कीयूनिवर्सिटी गेम्स कमेटी के अंतर्गत आने वाले 15 खेल क्लबों में से राइडिंग क्लब सबसे पुराना और देशभर में दूसरा सबसे अधिक प्राचीन हॉर्स राइडिंग क्लब है, जिसमें कुल 20 घोड़े हैं. विशेष ऐतिहा. सिक बग्गी की अगर बात कही जाए तो राइडिंग क्लब के अंतर्गत एक ऐतिहा. सिक बग्गी भी मौजूद है, जिसे विश्वविद्यालय के विशेष कार्यक्रमों दीक्षांत समारोह और सर सैयद दिवस के दौरान प्रमुख अतिथियों के उपयोग में लाया जाता है. इस बग्गी में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी और रामनाथ कोविंद भी बैठ चुके हैं. इस परंपरा ने क्लब की प्रतिष्ठा को और भी बढ़ा दिया है.राइडिंग क्लब की सदस्यता और प्रशिक्षण क्लब के घुड़सवारी प्रशिक्षक इमरान खान के अनुसार, एएमयू के छात्र घुड़सवारी सीखने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए क्लब की सदस्यता लेते हैं. राइडिंग क्लब ने टेंट–पेगिंग में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है. हर वर्ष 500 से अधिक छात्र सदस्य बनने के लिए आवेदन करते हैं, लेकिन केवल 150 छात्रों को चयनित किया जाता है. छात्रों को सुबह और शाम गहन प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट



प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करते हैं.राष्ट्रीय चौंपियनशिप में भाग लेंगे दो खिलाड़ी क्लब के प्रशिक्षक इमरान खान ने बताया कि क्लब के कप्तान मो. हम्मद उमर खान और चंद्रकांत सिंह ने हाल ही में गाजियाबाद में राष्ट्रीय क्वालीफायर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. अब वे 15 से 23 फरवरी तक जालंधर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चौंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे. प्रतियोगिता की तैयारी के लिए वे सुबह–शाम 2 से 3 घंटे का नियमित अभ्यास कर रहे हैं. पदकों की शानदार उपलब्धि को लेकर क्लब के सदस्य चंद्रकांत सिंह ने साझा किया कि वे पिछले तीन–चार वर्षों से घुड़सवारी कर रहे हैं. हाल ही में उन्होंने गाजियाबाद में राष्ट्रीय क्वालीफायर में भाग लिया, जहां उन्होंने 5 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक जीते. इसके अतिरिक्त, उन्होंने ऑल इंडिया टेंट पेगिंग प्रतियोगिता में पांचवां स्थान प्राप्त किया और अब भारतीय टीम के चयन ट्रायल्स के लिए भी चयनित हो चुके हैं.यूनिवर्सिटी की छात्राएं भी ले रही हैं भाग राइडिंग क्लब में यूनिवर्सिटी की छात्राएं भी बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रही हैं. छात्राओं का कहना है कि स्कूल के दिनों से ही उनका सपना था कि वे एएमयू राइडिंग क्लब में शामिल होकर घुड़सवारी सीखें. अब वे क्लब की सदस्य बन चुकी हैं और प्रतिदिन सुबह–शाम अभ्यास कर रही हैं. क्लब के प्रशिक्षक और स्टाफ पूरी निष्ठा से उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं. इमरान खान के अनुसार, क्लब में टेंट पे. गिंग, शो जंपिंग, हैगिस जैसी प्रतियो. गिताओं का आयोजन किया जाता है.

वर्तमान में क्लब में 20 घोड़े हैं, जिनकी देखभाल अत्यंत सजगता और प्रेमपूर्वक की जाती है. यहां के प्रशिक्षु राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं और कई बार सेना के साथ प्रतिस्पर्धा कर चुके हैं.एएमयू राइडिंग क्लब के कैप्टन मोहम्मद उमैर खान ने गुरुकुल, गाजियाबाद में आयोजित राष्ट्रीय क्वालीफायर टेंट पेगिंग प्रतियोगिता में असाधारण प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता. वे प्रतियो. गिता के स्टार खिलाड़ी के रूप में उभरे और एएमयू दल के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर बने. उनके नेतृत्व में अम्मार सलमान और कृष्णकांत ने भी शानदार प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई. प्रदेश स्तर की टेंट पेगिंग चौंपियनशिप में भी उमैर खान ने व्यक्तिगत लांस वर्ग में स्वर्ण पदक, जबकि कृष्णकांत ने कांस्य पदक हासिल किया. इसके अतिरिक्त, गाजियाबाद हॉर्स शो टेंट पेगिंग प्रतियोगिता में उमैर खान ने व्यक्तिगत तलवार वर्ग में कांस्य पदक जीता. एएमयू का मुस्लिम यूनिवर्सिटी राइडिंग क्लब न केवल विश्वविद्यालय की एक गौरवशाली परंपरा को बनाए रखे हुए है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ रहा है. घुड़सवारी में रुचि रखने वाले छात्र–छात्राओं के लिए यह क्लब एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है. आगामी राष्ट्रीय चौंपियनशिप में क्लब के खिलाड़ी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

## रोज डे शुरू हुआ वेलेंटाइन वीक, कुछ खुलकर, कुछ छिपकर प्यार का इजहार

7 जनवरी से 14 फरवरी तक सात दिन और सात तरह से प्यार का इजहार होगा। वेलेंटाइन वीक की शुरूआत रोज डे से हो गई है। होटल, रेस्टोरेंट व गिफ्ट गैलरियां सजे हुए हैं। बाजार में भी चहल–पहल बढ़ गई है। गिफ्ट और कार्ड खरीदारी शुरू हो गई है। अलीगढ़ के रामघाट रोड, सुदामा. पुरी, अचल ताल, महावीरगंज, कनव. रीगंज, कुलदीप बिहार आदि कॉलोनियों में स्थित गिफ्ट गैलरियों में युवाओं की काफी भीड़ नजर आ रही है। दुकानदार विवेक सिंघल ने बताया कि बाजारों में इस बार वेलेंटाइन डे को लेकर कई प्रकार के नए गिफ्ट और तमाम चीजें आई हैं, जिन्हें युवा खूब पसंद कर रहे हैं। दुकानदार शुभम कुमार ने बताया कि सुंदर बॉक्स, स्क्रैप बुक्स, टेडी, कार्ड और विशेषकर गुलाब के फूल को खास तरीके से तैयार किया गया है।



युवक–युवतियों ने बाजारों में पहुंचकर न सिर्फ अपने साथियों के लिए उपहार खरीदे, बल्कि कार्ड में कविता और अल्फाजों के रंगों को भी शामिल किया।

## अलीगढ़ खड़ी बस से टकराया महाकुंभ से लौट रहा वाहन...दो लोगों की मौत, 12 जख्मी

अलीगढ़ का यमुना एक्सप्रेस वे खूनी एक्सप्रेसवे बनता हुआ नजर आ रहा है. यहां लगातार हादसे होने से तमाम लोग अपनी जिंदगी गवां चुके हैं. ऐसा ही एक हादसा आज रात हुआ है, जहां हादसे के दौरान दो लोगों ने अपनी जान गवा दी. इस दौरान एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए.बताया जा रहा है कि एक बस में बैठकर श्रद्धालु कुंभ के मेले से लौट रहे थे तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें एक दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. तो वहीं दो लोगों की मौत के बाद आसपास इलाके में हड़कंप मच गया. मौके पर पहुंचे स्थानीय लोग व इलाका पुलिस के द्वारा रेस्क्यू  चलाकर घायलों को अलग–अलग अस्पताल में भर्तीकराया गया है. जहां कुछ लोगों की हालत अभी नाजुक बनी हुई है फिलहाल पूरे मामले में पुलिस के द्वारा कार्यवाही शुरू कर हो चुकी है.इस हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौतदरअसल पूरा मामला उत्तर प्रदेश के जनपद अलीगढ़ के थाना टप्पल क्षेत्र के आगरा नोएडा यमुना एक्सप्रेस वे के 46वें पॉइंट का है. जहां शुक्रवार की सुबह करीब 5रू30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा उस वक्त सामने आया है. जब प्रयागराज के महाकुंभ मेले से श्रद्धालुओं को लेकर हरियाणा राज्य के बल्लभगढ़ लौट रही टूरिस्ट बस ने यमुना एक्सप्रेस वे पर सड़क किनारे खड़ी सवारियों से भरी डबल डेकर बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी.दो वाहनों के बीच हुई इस भिड़ंत में टूरिस्ट बस में सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. तो वही एक दर्जन यात्री खून से लथपथ होते हुए गंभीर रूप से घायल हो गए. एक्सीडेंट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा वाहनों के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालते उपचार के लिए जेवर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. जिसके बाद पुलिस ने दो मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.टूरिस्ट




बस में 16 सवारी मौजूद थे टूरिस्ट बस HR38AH1818 प्रयागराज के महाकुंभ मेले से आगरा नोएडा यमुना एक्सप्रेसवे से गुजर कर हरियाणा राज्य के बल्लभगढ़ जा रही थी, जिसमें 16 सवारी मौजूद थीं. इस दौरान सवारियों से भरी वोल्वो बस यमुना एक्सप्रेस वे के सड़क किनारे खड़ी थी. तभी यमुना एक्सप्रेस वे पर खड़ी बस UP80FT9323 में श्रद्धालुओं की टूरिस्ट बस ने पीछे टक्कर मार दी. टक्कर से टूरिस्ट बस में सवार दो लोगों की मौत हो गई. हादसे में यात्री घायल हुए हैं. सभी घायलों को जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है.घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वही दोनों मृतकों की पहचान हरियाणा राज्य के फरीदाबाद जिले के सेक्टर 8 थाना सिही निवासी 53 वर्षीय पवन पुत्र हरि सिंह समेत फरीदाबाद जिले के थाना छायसा क्षेत्र के घरौंडा निवासी 73 वर्षीय महेंद्र त्यागी पुत्र हरिश्चंद्र के रूप में की गई. वही हादसे को लेकर थाना टप्पल पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस यमुना एक्सप्रेसवे के 46 वे पॉइंट के पास शुक्रवार की सुबह करीब 530 बजे पहुंची. जहां एक ट्रेवल्स गाड़ी सवारियों को प्रयागराज के महाकुंभ मेले से हरियाणा लेकर जा रही थी. तभी सवारियों से भरी ट्रेवल्स बस ने यमुना एक्सप्रेस वे पर पहले से सड़क किनारे खड़ी डबल डेकर बस में पीछे से टक्कर मार दी. इस हादसे में ट्रेवल्स बस में सवार हरियाणा के दो लोगों की मौत हो गई. मामले में पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है.

## संपत्ति कर जमा करने के लिए छूट का अंतिम मौका- नगर आयुक्त ने जनता की सहूलियत को देखते हुए लिया

नगर निगम अलीगढ़ द्वारा सम्पत्ति कर जमा करने की जा रही छूट को देखते हुए नगर आयुक्त विनोद कुमार ने संपत्ति कर जमा करने के लिए दी जा रही छूट को देखते हुए फरवरी के द्वितीय शनिवार व रविवार को भी नगर निगम हाउस टैक्स काउंटर को खोले रखने के आदेश जारी किए हैं।अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार वर्तमान (वित्तीय वर्ष–2024–25) में सम्पत्ति करऑनलाइन भुगतान पर 10 प्रतिशत एवं कैश ६ चौक द्वारा भुगतान करने पर 08 प्रतिशत छूट 28.02.2025 तक देय है। उक्त को दृ ष्टिगत रखते हुए दिनांक 08 व 09 फरवरी 2025 दिन शनिवार व रविवार को समान्य दिवस के भाँति सम्पत्ति कर विभाग एवं कैश काउन्टर खुला रहेगा। कर विभाग से सम्बन्धित समस्त कर्मचारी समय से उपस्थित रहेंगे। कर निरीक्षक ६ कर एकत्रक अपने–अपने क्षेत्र में म्–च्ै मशीन से वसूली करते हुए 3.00 बजे तक खजाने में धनराशि जमा कराया जाना सुनिश्चित करेंगे, जिससे कोई भी करदाता छूट के लाभ से वंचित न रहें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने कहा नगर निगम अलीगढ़ सम्मानित करदाताओं का सम्मान करता है छूट के इस अंतिम माह में ज्यादा से ज्यादा अपने संपत्ति कर को जमा करके छूट का लाभ उठाएं

## जीटी रोड से महरावल रेलवे स्टेशन तक का मार्ग . होगा फोर लेन, 36.91 करोड़ का बजट जारी

अलीगढ़ के जीटी रोड से महरावल रेलवे स्टेशन तक का 3.1 किलोमीटर का मार्ग फोरलेन बनेगा। शासन स्तर से प्रोजेक्ट की मंजूरी के साथ ही 36.91 करोड़ का बजट जारी कर दिया गया है। लोक. निर्माण विभाग द्वारा इसका निर्माण कराया जाएगा। इस मार्ग के बनने के बाद सूत मिल चौराहे से होकर रेलवे के माल गोदाम तक पहुंचने वाले भारी मालवाहक वाहनों को शहर के भीतर नहीं जाना होगा बल्कि बाहर से ही रास्ता मिल जाएगा। इससे शहर में भी कई प्वाइंट का जाम समाप्त होगा।रेलवे का मालगोदाम पहले शहर में रेलवे स्टेशन पर ही था। लड़खड़ाई ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए इसे जेल रोड की ओर शिफ्ट किया गया। बाद में यहां पर भी यातायात की समस्या खड़ी हो गई तो इसका रास्ता बरौला बाईपास की ओर कर दिया गया। अब रेलवे माल गा. दाम तक माल पहुंचाने वाले माल वाहक वाहन वाहन सूत मिल चौराहा होकर बरौला की ओर जाते हैं। इस कारण फलमंडी, एलमपुर, एफसीआई गोदाम और सूत मिल चौराहे तक प्रतिदिन भयंकर जाम की स्थिति रहती है।इससे मालवाहक वाहनों के साथ–साथ शहर के लोगों और राहगीरों को भी परेशानी होती है। इस समस्या को ध्यान में रखते



हुए शहर के बाहरी हिस्से महरावल रेलवे स्टेशन पर बड़ा मालगोदाम बनाया गया। यहां पर अधिक क्षमता की लोडिंग–अनलोडिंग की व्यवस्था की गई है। इसी माल गोदाम को अबएनएच–91 (जीटी रोड) से फोर लेन के माध्यम से जोड़ा जा रहा है।जीटी रोड से महरावल रेलवे स्टेशन माल गोदाम तक फोर लेन मार्ग के लिए पैसा स्वीकृत हो चुका है। अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। कोशिश होगी इसे इसी वर्ष अंत तक पूरा कर लें। – संजीव पुस्कर, अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड–1 पीडब्ल्यूडीपरियोजनास्वीकृत लंबाई–3.1 किलोमीटरपरियोजना की लागत– 36.91 करोड़ रुपयेकार्यदायी संस्था– लोक निर्माण विभाग खंड–1यह होगा फायदामहरावल पर ही एनएच–91 का बाईपास प्वाइंट शुरू होता है। यहां से वह वाहन जो शहर में आना चाहते हैं, प्रवेश करते हैं। इसी प्वाइंट से भारी वाहन, कंटेनर महरावल मालगोदाम की ओर चले जाएंगे। शहर में करीब 8 किलोमीटर का पुराने जीटी रोड का हिस्सा और इस पर बसी आबादी को जाम से राहत मिलेगी।सूत मिल चौराहे पर भी बस स्टैंड भी संचालित होता है। यहां पर वर्तमान में बस और भारी मालवाहक वाहन जब एक साथ आ जाते हैं तो स्थिति जटिल हो जाती है। यहां भी लोगों को और यात्रियों को राहत मिलेगी।

## संपत्ति कर जमा करने के लिए छूट का अंतिम मौका- नगर आयुक्त ने जनता की सहूलियत को देखते हुए लिया निर्णय-फरवरी के द्वितीय शनिवार व साप्ताहिक अवकाश को खुलेगा नगर निगम कैश काउंटर




नगर निगम अलीगढ़ द्वारा सम्पत्ति कर जमा करने की जा रही छूट को देखते हुए नगर आयुक्त विनोद कुमार ने संपत्ति कर जमा करने के लिए दी जा रही छूट को देखते हुए फरवरी के द्वितीय शनिवार व रविवार को भी नगर निगम हाउस टैक्स काउंटर को खोले रखने के आदेश जारी किए हैं।अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार वर्तमान (वित्तीय वर्ष–2024–25) में सम्पत्ति कर ऑनलाइन भुगतान पर 10 प्रतिशत एवं कैश ६ चौक द्वारा भुगतान करने पर 08 प्रतिशत छूट 28.02. 2025 तक देय है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 08 व 09 फरवरी 2025 दिन शनिवार व रविवार को समान्य दिवस के भाँति सम्पत्ति कर विभाग एवं कैश काउन्टर खुला रहेगा। कर विभाग से सम्बन्धित समस्त कर्मचारी समय से उपस्थित रहेंगे। कर निरीक्षक ६ कर एकत्रक अपने–अपने क्षेत्र में म्–च्ै मशीन से वसूली करते हुए 3.00 बजे तक खजाने में धनराशि जमा कराया जाना सुनिश्चित करेंगे, जिससे कोई भी करदाता छूट के लाभ से वंचित न रहें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने कहा नगर निगम अलीगढ़ सम्मानित करदाताओं का सम्मान करता है छूट के इस अंतिम माह में ज्यादा से ज्यादा अपने संपत्ति कर को जमा करके छूट का लाभ उठाएं

## अलीगढ़ में सड़क हादसे में एक युवक की हुई मौत

सहिदाबाद के पास बाईक हुई दुर्घटनाग्रस्त, युवक सत्यनारायण सैनी की हुई मौके पर ही मौत, मृतक युवक के शव को अलीगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, हेड कांस्टेबल भंवर लाल सहित पुलिस पंहुची अस्पताल

# पत्नी से परेशान युवक का सुसाइड 3 साल से अलग रह रही थी, ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप



हाथरस के सासनी कोतवाली क्षेत्र में एक घटना सामने आई है। नगला विजया गांव में 28 वर्षीय डिलीवरी बॉय दीपेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने पत्नी और ससुरालीजनों पर प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है।प्रेमचंद के पुत्र दीपेश की शादी 2018 में सासनी कस्बे के मो. हल्ला चामड़ की एक युवती से हुई थी। दंपति के एक बच्चा भी है। परिवार का आरोप है कि शादी के बाद से ही पत्नी और ससुरालीजन दीपेश को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। पारिवारिक कलह के चलते पत्नी पिछले तीन साल से अलग रह रही थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा... घटना से एक दिन पहले दीपेश अपनी ससुराल गया था, जहां कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की गई। इस घटना के बाद उसने घर में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच–पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम गृह पर मृतक की पत्नी और उसके मायके पक्ष के लोगों के बीच तीखी बहस भी हुई।

## हाथरस में हसायन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कानऊ गांव में हैवानियत की हद पार करने वाला मामला सामने आया

यूपी के हाथरस में हसायन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कानऊ गांव में हैवानियत की हद पार करने वाला मामला सामने आया है। 77 साल की बुजुर्ग महिला का पहले दुष्कर्म किया गया और बाद में हत्या कर दी गई। वृद्धा की लाश घेर में पाई गई। मृतका के शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था। शरीर पर कई चोट के निशान थे। पुलिस ने पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार वृद्धा के कोई संतान नहीं थी। उसने अपने भतीजे फिरोज खान को गोद रख लिया। बड़े होने पर उसकी शादी की। वृद्धा ने लगभग 20 साल पहले गोद रखे हुए भतीजे के नाम सारी जमीन कर दी। भतीजा और उसकी पत्नी और बच्चे वृद्धा की सेवा करते। पांच साल पहले वृद्धा के पति की मोत हो गई। 5 फरवरी की शाम को वृद्धा खाना खाने के बाद घर से थोड़ी दूर घेर में सोने के लिए चली गई। भतीजे की पत्नी वृद्धा को जगाने आई तो देखा कि वृद्धा की लाश पड़ी थी और शव पर कोई भी कपड़ा नहीं था। शरीर पर कई चोट के निशान थे।बुजुर्ग महिला के शव मिलने की सूचना पर एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अभी हत्या का कारण कोई नहीं बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हाथरस के एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि थाना हसायन क्षेत्र के गांव कानऊ में एक बुजुर्ग महिला का शव मिलने की सूचना मिली। महिला की घेर पर लाश मिली। महिला की बहू और पोती जब सुबह जगाने आईं, तब देखा कि बिना कपड़ों के महिला की लाश पड़ी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और मामले को प्राथमिकता से लेते हुए जल्दी ही खुलासा किया जाएगा। मामला अभी अज्ञात में है।

## हाथरस में एक युवक ने अपनी पत्नी के साथ न जाने के कारण आत्महत्या का प्रयास किया

हाथरस में एक युवक ने अपनी पत्नी के साथ न जाने के कारण आत्महत्या का प्रयास किया। बुलंदशहर के गांव चरोरा निवासी राहुल पुत्र श्यामपाल अपनी पत्नी को लेने हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला चोखा स्थित ससुराल पहुंचा था। पत्नी द्वारा साथ चलने से इनकार करने पर वह नाराज होकर वहां से चला आया।गुस्से में राहुल ने रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंचकर अपने गले में ब्लेड से वार कर लिया। घटना के बाद वह वहीं बेहोश हो गया। आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राहुल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।पत्नी और सास पहुंची अस्पताल अस्पताल में उपचार के दौरान राहुल को होश आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही उसकी पत्नी और सास भी अस्पताल पहुंच गईं। फिलहाल जिला अस्पताल में राहुल का इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आबकारी टीम ने मदिरा की दुकानों के निरीक्षण के साथ हाइवे पर की वाहनों की चेकिंग



हाथरस। जनपद हाथरस अलीगढ़ प्रभार अवैध शराब निर्माणध्बिक्री ध्परिवहन ध्भंडारणध्अपमिश्रणध्ओवर रेटिंग के प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशन तथा जिलाधिकारी के पर्यवेक्षण तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में जनपद में आबकारी टीम द्वारा थाना सिकंदरा राउ अंतर्गत विभिन्न देशी, विदेशी मदिरा एवं बीयर की दुकानों औचक निरीक्षण करते हुए स्टॉक का मिलान किया गया तथा राजस्व हित में सभी पॉपुलर ब्रांड्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही सिकंद. राउ एटा हाइवे पर वाहनों की सघन तलाशी ली गई। इसके अतिरिक्त थाना हाथरस जंक्शन अंतर्गत विभिन्न होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट आदि की सघन तलाशी ली गई तथा ढाबा संचालकों को अपने परिसर में मदिरापान ना होने देने की कड़ी चेतावनी भी दी गई। कार्यवाही के दौरान क्षितिज कुमार, आबकारी निरीक्षक हाथरस सदर, कुलदीप चौहान आबकारी निरीक्षक सिकंदरा राउ मय आबकारी स्टाफ उपस्थित रहे।

## थाना कोतवाली पुलिस ने दो जुआरियों को किया गिरफ्तार, नगदी व ताश की गड्डी बरामद

हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार जुआध्सट्टे की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए दो अभियुक्तों को बैनीराम बाग से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते समय गिरफ्तार किया गया है । जिनके नाम मौहसिन पुत्र असलम निवासी कैलाश नगर थाना हाथरस गेट राजू पुत्र मलूकचन्द्र निवासी श्रीनगर थाना हाथरस गेट, है। जिनके कब्जे से 6200ध– रूपये नगद व 52 पत्ता ताश बरामद हुए है । अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम प्रभारी निरीक्षक गिरीश कुमार गौतम थाना कोतवाली नगर मय टीम जनपद हाथरस है।

## हाथरसः गुलाब देकर किया इजहार–ए–इश्क



हाथरस। रोज–डे के साथ वेलेंटाइन वीक का आगाज हो गया। इसका समापन 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे के साथ होगा। रोज डे पर सबसे ज्यादा मांग लाल गुलाब की स्टिक की रही। यह 40 से 50 रुपये तक में बिकी।पीला गुलाब भी खूब पसंद किया गया। वेलेंटाइन वीक पर बुके, कार्ड, चाकलेट, टॉफी, केके, महंगे बिस्किट और आ. इसक्रीम की भी मांग रही। स्कूल–कॉलेजों से लेकर मॉल और बाजारों में इनकी खरीदारी के लिए खासी रौनक रही।शुक्रवार की सुबह से सर्द हवाओं ने इस दिन को खास बनाया। रोज डे पर प्यार का इजहार लाल गुलाब देकर हुआ। वेलेंटाइन वीक को ध्यान में रखते हुए शहर के रेस्टोरेंट संचालकों ने खासी तैयारियां की थीं। रेस्टोरेंट को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। शहर के पार्कों और रेस्टोरेंटों में भी भीड़ रही। वेलेंटाइन वीक के पहले दिन रोज डे का अलग महत्व होता है। लाल गुलाब प्यार को स्वीकारता है। पीला गुलाब दोस्ती, गुलाबी गुलाब चाहत का इजहार कराता है।

## सादाबाद क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज मालिकों द्वारा आलू भंडारण किराए में की गई बढ़ोतरी के विरोध में किसानों ने जोरदार प्रदर्शन



सादाबाद क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज मालिकों द्वारा आलू भंडारण किराए में की गई बढ़ोतरी के विरोध में किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों ने तहसील प्रांगण में एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया और एसडीएम संजय कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।किसानों का कहना है कि कोल्ड स्टोरेज मालिकों ने मनमाने ढंग से भंडारण शुल्क 300 रुपए प्रति कुंतल कर दिया है, जो किसानों का आर्थिक शोषण है। उनकी प्रमुख मांगों में किराया घटाकर 200 रुपए प्रति कुंतल करना, आलू बिक्री का भुगतान नकद करना और दो प्रतिशत की कटौती समाप्त करना शामिल है। साथ ही, आलू भंडारण में 52.5 किलोग्राम की तौल सु. निश्चित करने और दुकानदारों द्वारा 27.50 रुपए प्रति बोरा खरीदकर 32–34 रुपए में बेचने की प्रथा को रोकने की मांग की गई।किसानों ने जताया विरोधकिसानों ने जटोई के किसान के चोरी हुए ट्रैक्टर का मामला सुलझाने और आगरा–अलीगढ़ प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस–वे के लिए अधिग्रहित की जा रही भूमि का उचित मुआवजा देने की मांग भी रखी। एसडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगों को मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा।प्रदर्शन में तहसील अध्यक्ष विक्रम सिंह वर्मा, ओमवीर सिंह प्रधान, मौहर सिंह, चंद्रेश सिंह, राजपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, गीतम सिंह, मंगलेश यादव, उदयवीर सिंह, कृपाल सिंह, राधेश्याम सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## फाइनल में पहुंचीं मकनपुर–सलेमपुर की टीमें

गांव सलेमपुर के खेल मैदान में चल रहे सलेमपुर चौंपियनशिप क्रिकेट टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में मकनपुर की टीम ने एदलपुर और दूसरे मुकाबले में सलेमपुर की टीम ने नगला बैरू की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।सेमीफाइनल के पहले मुकाबले में एदलपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में 116 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मकनपुर की टीम ने चार विकेट खोकर 118 रन बना लिए और मैच को छह विकेट से जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में नगला बैरू की टीम ने पहले बल्लेबाजी की और 19 ओवर में 96 रन बनाए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी सलेमपुर की टीम के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 34 रन की बेहतरीन साझेदारी की और आठ ओवर में 98 रन बनाकर आठ विकेट से मैच को जीत लिया। सलेमपुर की टीम से बेहतर प्रदर्शन करने वाले राजीव चौधरी मैन ऑफ द मैच रहे। प्रधान प्रतिनिधि रवि पहलवान व अन्य ग्रामीणों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। रवि पहलवान ने बताया कि फाइनल मुकाबला आठ फरवरी को दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा।

## हाथ मे नकली पिस्टल लेकर शराब ठेके पर पहुंचे दो शराबी, शराबियों ने ठेके के बाहर जमकर अपना रौब झाड़ा

हाथरस। हाथरस से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसे जानकर आप दंग रह जाएंगे, मामला एक शराब ठेके और दो शराबियों से जुड़ा हुआ है, शराब के नशे में शराबियों ने कुछ ऐसा कर दिया, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय ला. ेगों की मदद से नाली में सर्च ऑपरेशन तक चला दिया। लेकिन जब मामले की सच्चाई सामने आई तो पुलिस के साथ वहां मौजूद सभी लोग हैरान हो गए. चलिए अब आपको बताते है कि क्या है यह पूरा मामला, दरअसल जिले के थाना कोतवाली मुरसान क्षेत्र के सादाबाद रोड पर स्थित शराब ठेके के बाहर खड़े होकर शराबी शराब खरीद रहे थे, इसी बीच दो शराबियों ने आकर अचानक से पिस्टल लहराते हुए सभी को डरा दिया. पिस्टल हाथ में होने की वजह से शराबियों ने ठेके के बाहर जमकर अपना रौब झाड़ा, और लोगों को धमकाया भी, लेकिन इसी बीच जैसे ही वहां पुलिस पहुंची तो शराबियों ने पिस्टल को नाली में फेंक दिया, और एक बेहद सरीफ इंसान की तरह बर्ताव करने लगे। जब पुलिस ने दोनों शराबियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की तो दोनों शराबियों ने पुलिस को बताया कि वह पिस्टल नकली थी, जिसे हमने नाली में फेंक दिया। शराबियों द्वारा बताई गई नकली पिस्टल की सच्चाई जानने के लिए थाना मुरसान पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से नाली में सर्च ऑपरेशन चलाया, जब पुलिस को नाली से नकली पिस्टल बरामद हो गई उसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली.

## एसपी बनी आंशिक गौतम व निराली गुप्ता ने एसपी कार्यालय पर आए फरियादियों की समस्याओं को सुना



हाथरस में स्टूडेंट्स पुलिस एक्सपीरियंशल लर्निंग प्रोग्राम SPEL–2.0 के तहत एक अनूठी पहल की गई। डस्क्ट इंटर कॉलेज की 11वीं कक्षा की छात्राएं निराली गुप्ता और अंशिका गौतम को एक दिन के लिए जिले की पुलिस अधीक्षक बनाया गया। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार और निरीक्षक मुकेश बाबू की उपस्थिति में छात्रों को कानूनी प्रक्रिया, आपराधिक अनुसंधान, यातायात नियंत्रण और साइबर अपराधों की विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा पर विशेष फोकस रहा, जहां विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड जैसे ।च्झ फाइल फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, और । से संबंधित धोखाधड़ी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। छात्रों को साइबर अपराधों की शिकायत के लिए सरकारी हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में भी बताया गया।एक दिन की पुलिस अधीक्षक के रूप में निराली और अंशिका ने जनसुनवाई में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अनूठे कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

# कासगंज नियम तोड़ने वाले 107 वाहनों के काटे चालान

कासगंज। यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता और चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया और नियमों का उल्लंघन करने वाले 107 वाहन चालकों के चालान काटे गए। रात्रि में हादसों से बचाव के लिए ट्रैक्टर ट्रॉलियों में रिफ्लेक्टर लगवाए।यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने यातायात पुलिस टीम के साथ सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत यातायात नियमों का पालन किए जाने के लिए वाहन चालकों को जागरूक किया। उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि पुलिस से बचने को नहीं बल्कि स्वयं की जान बचाने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट लगाएं। सड़क हादसों में



अधिकांश जाने हेलमेट न लगे होने के कारण सिर पर चोट आने से चली जाती हैं। ट्रैक्टर ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए। मटर मंडी, मोहनपुरा, नदरई चौराहा आदि स्थानों पर चेकिंग की। अभियान के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन, मॉडिफाइड साइलेंसर, ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवर स्पीड में वाहन में बिना पार्किंग स्थल पर गाड़ी पार्क करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 107 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं।

## नदराला गांव के पास स्थित ईट भट्टे से . तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया

एटा जिले की जसरथपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए नदराला गांव के पास स्थित ईंट भट्टे से तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम ने मौके से 3100 रुपए की नकदी और 52 ताश के पत्तों की गड्डी भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम ने ईंट भट्टे के पास छापेमारी की। पुलिस को देखकर जुआरी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर तीनों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अली मोहम्मद पुत्र फैय्याज, सादिक पुत्र फरीद खां और गुफरान पुत्र बाबू के रूप में हुई है। तीनों नदराला गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 13 जी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक रणवीर सिंह, आरक्षी विवेक कुमार, आरक्षी संजीव कुमार और आरक्षी सौरभ की टीम शामिल रही।

## कासगंज जिले में पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

कासगंज जिले में पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। एसपी कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।कोतवाली गंज. डुंडवारा पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस टीम के साथ मिलकर पोखरा गांव के एक खंडर में चल रही इस अवैध फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। मौके से गुलाम हसन और जमील नामक दो आरोपियों को हथियार बनाते हुए रंगे हा. थों पकड़ा गया। दोनों आरोपी क्रमशः कंचन नगर और पचपोखरा गांव के निवासी हैं।दोनों पर पहले से दर्ज हैं कई केसछापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 पूर्ण निर्मित तमंचे, 2 अर्धनिर्मित तमंचे, 5 जिंदा कारतूस और हथियार बनाने के विभिन्न उपकरण बरामद किए। इसके अलावा उनके पास से 14 हजार रुपये की नगदी भी

मिली।जांच में पता चला है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कासगंज के विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों से गहन पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। यह कार. 'वाई जिले में अपराध और अवैध हथियारों के निर्माण पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# कासगंज में गुलाब देकर प्यार के परिंदों ने किया खुशी का इजहार, शुरू हुआ

कासगंज में बाजार वैलेंटाइन डे को लेकर पूरी तरह तैयार हो चुका है। बाजार में टेडी बियर, लव पेयर, फोटो फ्रेम, सॉफ्ट टॉयज और बधाई कार्ड उपलब्ध हैं। गिफ्ट आइटम में चॉकलेट की भी काफी मांग है। गिफ्ट विक्रेता विनय अग्रवाल ने बताया कि 500 से 2000 तक के गिफ्ट आइटम उपलब्ध हैं।रोज डे के साथ शुक्रवार को वैलेंटाइन वीक की शुरुआत हो गई। भले ही कुछ लोग इसे पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव मानकर विरोध करते हों, लेकिन युवा पूरे जोश और उत्साह के साथ इसे मनाने का मन बना चुके हैं। बता दें कि इस दिवस को आधुनिकता और स्टेटस से जोड़कर अलग–अलग तरीकों से मनाने का प्रचलन चला आ रहा है। यह पर्व वर्षों से सफल और असफल प्रेमियों के मन–मस्तिष्क पर छाया रहा है, जिससे लोग खट्टे–मीठे अनुभव लेकर आगे की प्रेरणा भी लेते हैं।स्कूल और कॉलेज खुले रहने के कारण मित्रता को मजबूत करने के लिए रोज डे पर औपच. ारिकताएं पूरी की गईं। इस मौके पर फूल विक्रेताओं की भी अच्छी बिक्री हुई। फूल विक्रेता दिनेश सैनी के अनुसार, शाम चार बजे तक उन्होंने ढाई सौ से अधिक गुलाब के फूल बेचे, जबकि गिफ्ट की दुकानों से भी आकर्षक लुक वाले फूल बिकते नजर आए वैलेंटाइन वीक के पहले दिन दोस्ती की शुरुआत के लिए दोस्तों को पीला गुलाब देकर अपनी भावनाएं प्रकट की गईं, जबकि प्यार के इजहार के लिए लाल गुलाब का तोहफा युवाओं ने अपने प्रियजनों को दिया।

# आगरा–बरेली मार्ग पर नदरई रेलवे पुल के गाटर . में आगरा जा रहा एक ट्रॉला फंस गया



कासगंज। आगरा–बरेली मार्ग पर नदरई रेलवे पुल के गाटर में आगरा जा रहा एक ट्रॉला फंस गया। जिससे लगभग एक घंटा तक जाम लगा रहा। पुल के दोनों ओर एक किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गईं। ट्रॉला के पहिया की हवा कम कर उसे निकला गया। इसके बाद जाम खुला और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे आगरा की ओर जा रहा एक ट्रॉला ऊंचा होने के कारण रेलवे पुल से पहले लगे गाटर में फंस गया। जिसके बाद मार्ग पर जाम लग गया। पीछे आने वाले वाहन एक के पीछे लगते चले गए और लगभग एक किलोमीटर जाम दोनों ओर लग गया। काफी मशक्कत के बाद जब ट्रॉला नहीं निकला तो उसके पहियों की हवा को कम किया गया। इसके बाद ट्रॉला गाटर के नीचे से निकल सका। लगभग घंटा तक लगे जाम से वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहां मौजूद स्थानीय लोगों और पुलिस कर्मी ने ट्रॉला के हटने के बाद वाहनों को एक एक कर गुजरा। जिसके बाद जाम खुलने पर मार्ग सुचारू हो सका।

## समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ अनोखा विरोध जताया




कासगंज । समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ अनोखा विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने कफन को हाथ में लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि मिल्कीपुर उपचुनाव में सत्ता पक्ष के लोगों ने फर्जी वोटिंग कर चुनाव आयोग की धज्जियां उड़ाईं और पीडीए के लोगों को डरा धमका कर वोट डालने से रोका गया। यह पूरी तरह से लोकतंत्र को हनन हुआ है।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने कहा कि आज लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाते हुए चुनाव आयोग के भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव आयोग का जो स्वरूप होना चाहिए। वह आज के दौर मे पूरी तरह समाप्त हो चुका है। सत्ताधारी दल के प्रति झुकाव और विपक्षी उम्मीदवारों के साथ भेदभाव ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। आज हम चुनाव आयोग की निष्पक्षता की मृत्यु पर उसे प्रतीकात्मक रूप से ष्कफनष् अर्पित कर रहे हैं, जिससे देश को यह संदेश जाए, कि लो. कतंत्र की रक्षा के लिए हमें जागरूक रहना होगा। चुनाव आयोग की निष्पक्षता खत्म होना लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है,यदि यह संस्थान सरकार के दबाव में काम करेगा तो निष्पक्ष चुनाव एक सपना बन कर रह जाएगा।अब्दुल हफीज गांधी ने चुनाव आयोग से मांग करते हुए कहा कि वह अपनी साख बचाने के लिए निष्पक्षता का परिचय दे और सभी उम्मीदवारों को समान अवसर उपलब्ध कराए। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे जागरूक बनें और लोकतंत्र की इस लड़ाई में अपनी भूमिका निभाएं। प्रदर्शन के दौरान जिला महासचिव विनय कुशवाहा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रोहिताश यादव, गंजडुंडवारा नगर अध्यक्ष तारिक महमूद मंसूरी,राष्ट्रीय सचिव मुलायम सिंह युद्ध ब्रिगेड राशिद अली मौजूद रहे।

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा –संम्पादक
मौः–8218049162,8273402499

# पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



कासगंज जनपद के पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण के लिए जनपद में अवैध शस्त्रों की तस्करी एवं निर्माण के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान में क्षेत्राधिकारी पटियाली राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना गंजडुण्डवारा पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम के द्वारा थाना गंजडुण्डवारा क्षेत्र के ग्राम पचपोखरा में खाली पडे खण्डहर में संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड करते हुए दोनों असलाह तस्करों को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए गुलाम हुसैन उर्फ गुलाम नवी पुत्र स्व0 अली हसन निवासी ग्राम नागर कंचनपुर थाना सुन्नगढी जनपद कासगंज, हाल निवासी मौहल्ला नगला इमामबख्स कस्बा व थाना गंजडुण्डवारा जनपद कासगंज पहले भी फैक्टरी के संचालन के जुर्म में दो बार जेल जा चुका है, इसके विरुद्ध चार आपराधिक मुकद्दमे दर्ज है, वहीँ जमील पुत्र स्व0 रफीक निवासी ग्राम पचपोखरा थाना गंजडुण्डवारा जनपद कासगंज के विरुद्ध एक मुकद्दमा दर्ज है।गंजडुंडवारा पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के कब्जे से खंडहर में बरामद किया गए जखीरे की सूची, 02 अदद तमंचे बने हुए चालू हालत 315 बोर, 01 अदद तमंचा हालत 12 बोर,02 अदद तमंचा (अधबना) 12 बोर, 04 कारतूस जिन्दा 315 बोर, 01 कारतूस जिन्दा 12 बोर,02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 कारतूस जिन्दा 32 बोर,01 खोखा कारतूस 32 बोर, 14 हजार रूपये नकद (तमंचे बिक्री के) अवैध शस्त्र बनाने के उपकरणः– 01 वर्मा मशीन, 03 वर्मा ब्लेड रौड नुमा, 02 आरी मय ब्लेड, 16 आरी के ब्लेड, 09 अदद रेती, 03 अदद छेनी लोहा, 02 अदद हथौडा लोहा, एक अदद धौंकनी मशीन लोहा, एक अदद पकड मशीन लोहा, 02 अदद पाइप लोहा, एक अदद लोहे की पत्ती मुडी हुयी, 10 अदद लोहे के स्प्रिंग छोटे व बडे, एक अदद ट्रैगर गार्ड, 13 अदद ट्रैगर व हैमर, 06 अदद छोटी बडी नाल लोहा, एक अदद चिमटा लोहा, 02 अदद सडासी लोहा, एक अदद लोहे का बोर करने वाला वर्मा, एक अदद आरी लकडी काटने वाली, तीन अदद बाडी वनाने की पत्ती लोहा, एक अदद वसूला, एक अदद पतला तार लोहा करीब 100 ग्राम, 03 अदद पीतल की राड बैल्डिंग करने वाली, एक अदद लकडी का टुकडा चांप वनाने के लिये व एक प्लास्टिक के कट्टे में कोयला व लकडी के तीन टुकडे वरामद किये गए हैं। पुलिस अधीक्षक कासगंज द्वारा उक्त सराहनीय कार्य हेतु पुलिस टीम को 25,000 रुपये से पुरस्कृत किया गया है ।

## कासगंज जिले में ऑपरेशन क्लीन .अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई



कासगंज जिले में ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई में पटियाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 7.5 लाख रुपए की अवैध शराब को नष्ट किया है। यह कार्रवाई साल 2017 से 2024 तक के 55 आबकारी मामलों में जब्त की गई कुल 1934 लीटर अवैध शराब पर की गई।नशीले पदार्थों को नष्ट करने की कार्रवाई की जा रही पटियाली कोतवाली पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में शराब को नष्ट करने के लिए जमीन में गड्ढा खोदा गया। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई। यह कार्यवाही तहसीलदार जीतेन्द्र सिंह और सीओ राजकुमार पाण्डेय की उप. स्थिति में संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि कासगंज जिले में चल रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न थानों में जब्त किए गए नशीले पदार्थों को नष्ट करने की कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस की कड़ी कार्रवाई का हिस्सा है।

पीड़ित ध्यान दें
यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं
यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।
यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।
इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।
मो. 8218049162
email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com